अमर उजाला 03/12/2022

# जिमनास्टिक चैंपियनशिप में जीतकर आए खिलाड़ियों का किया स्वागत



जिमनास्टिक नेशनल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते शिक्षक। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** अंबाला छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के तीन पूर्व छात्रों ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल जिमनास्टिक चैंपियनशिप में मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि के लिए शुक्रवार सम्मान समारोह आयोजित किया। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में योगेश्वर ने एकल प्रतियोगिता में तीन गोल्ड तथा टीम का कांस्य मेडल प्राप्त किया। उन्होंने बताया की रोहित व प्रिंस की टीम ने कांस्य मेडल प्राप्त किया।

उन्होंने बताया की तीन गोल्ड व टीम का कांस्य पदक लेकर योगेश्वर ऑल राउंडर जिम्नास्ट बना। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल व प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सात पूर्व छात्र एसोसिएशन की अध्यक्षा अंजली वधावन ने भी विद्यार्थियों को सम्मानित किया है।